बच्चों ने उठाया सर्कस का लुत्फ

दो एनजीओ के बच्चों के लिए किया गया आयोजन

सेक्टर 29 स्थित एक एंटरटेनमेंट सेंटर में स्कूली बच्चों ने जोकर बने कलाकार के साथ की जमकर मस्ती

वरिष्ठ संवाददाता ॥ गुड़गांव

दो एनजीओ के बच्चों ने मंगलवार को सेक्टर-29 के एक एंटरटेनमेंट सेंटर में चल रहे मंगोलियाई सर्कस एक्रोमेनिया का लुत्फ उठाया। इस शो का आयोजन हैंडीकैप्ड चिल्ड्रेन एंड विमन रिहेबिलिटेशन असोसिएशन के 100 और हार्मनी एनजीओ के 120 बच्चों के लिए करवाया गया था। इन बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों के अनुसार, इतनी रंगीन दुनिया उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। सभी बच्चों की ने इसे अलग-अलग तरह से एंजॉय किया। किसी को यहां कुछ पसंद आया तो किसी को कुछ। सेक्टर 17 के 12 साल के रोशन का कहना है कि उसने जिंदगी में इतना एंजॉय पहले कभी नहीं किया। यहां आकर उसे काफी अच्छा लगा।

सर्कस देखने की उसकी दिली तमन्ना थी जो पूरी हो गई। रोशन ने बताया कि 'मैंने सर्कस को लेकर कई तरह की सोच बना रखी थी कि सर्कस ऐसा होता होगा, लेकिन यहां आकर देखा तो बहुत ही अजीबोगरीब नजारा था।' वहीं, सेक्टर-17 के राजकमल को कार्यक्रम में जोकर और कई कलाकार बेहद पसंद आए। उसका कहना है कि इन कलाकारों से वह बेहद करीब से मिल सका जो उसके लिए किसी सपने से कम नहीं था। संगम विहार के नूरालम को बैलेंसिंग आर्ट बेहद पसंद आया। इससे पहले उसने टीवी पर ही ऐसा शो देखा था।

उसका कहना है कि यह दिन उसके लिए यादगार बन गया है। घर जाकर वह अपने सभी दोस्तों को इसके बारे में बताने वाला है। फारूख और रानी को यहां जोकर बेहद पसंद आए। उसने कहा कि जोकर ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई हैं। बच्चों ने मासूमियत भरे लहजे में कहा कि यह सब किसी फिल्म के हीरो लगते हैं।